दैनिक

प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code
UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 314 मुरादाबाद 14 March 2022 (Monday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति बोलीं- अयोध्या-काशी के बाद मथुरा की बारी, एजेंडा में शामिल श्रीकृष्ण जन्मभूमि



मथुरा-केंद्रीय खाद्य एवं प्रसंस्करण राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा, केंद्र में मोदी और प्रदेश में योगी के काम की बदौलत ही जनता ने एकबार फिर यूपी में भाजपा को प्रचंड बहुमत की सरकार दी है। कोविडकाल से लेकर अब जिस तरह घर-घर राशन पहुंचाना और गांवों में बिजली की उपलब्धता के अलावा प्रधानमंत्री आवास योजनाओं का लाभ जनता को सीधे तौर पर मिला। सीएम योगी ने प्रदेश में सीएम रहते दोबारा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का रिकार्ड तो बनाया ही, पिछली सरकारों का नोएडा न जाने के मिथक को भी तोड़कर दोबारा सत्ता हासिल की है।

### पीएम मोदी के काम को बताया जीत का आधार

साध्वी ने कहा, अयोध्या, काशी के बाद अब मथुरा की बारी है। चैतन्य विहार स्थित स्वामी वामदेव ज्योतिर्मठ में चल रहे कार्यक्रम में शामिल हुईं केंद्रीय खाद्य एवं प्रसंस्करण राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, देश के चार राज्यों में हुए चुनाव में जनता ने जो समर्थन दिया है, वह पीएम मोदी के काम के आधार पर दिया है। भाजपा का कार्यकर्ता हर हालातों में जमीन पर जनता से जुड़कर कार्य करता है। कोविड के समय भी कार्यकर्ता जनता के बीच था। जनता को जो चाहिए, उसपर फोकस करके काम सरकार ने किया।

### मथुरा की बारी

पंडित दीनदयाल का अंत्योदय, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राष्ट्रवाद और आध्यात्मिक सांस्कृतिकवाद को लेकर सरकार चल रही है। मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति के सवाल पर कहा, ये तो हमारा एजेंडा था ही। अयोध्या और काशी के बाद अब मथुरा की ही बारी है। इससे पहले केंद्रीय राज्यमंत्री ने ठा. बांकेबिहारी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और स्वामी वामदेव ज्योतिर्मठ पहुंचकर गोपूजन व सेवा की।

## यूपी चुनाव में ऐतिहासिक जीत के बाद दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिले सीएम योगी आदित्यनाथ, पीएम ने दी बधाई

लखनऊ- भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता और उत्तर प्रदेश के कार्यवाहक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसी भी बड़े काम को अंजाम देने से पहले होमवर्क जरूर करते हैं। उत्तर प्रदेश में पांच वर्ष तक सरकार चलाने के बाद अब योगी आदित्यनाथ वह प्रदेश में लगातार दूसरी बार भाजपा की ताजपोशी की तैयारी में लगे हैं। वह आज दिल्ली में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ पीएम नरेन्द्र मोदी से भी भेंट करने पहुंचे। प्रदेश के एक्टिंग सीएम योगी आदित्यनाथ का दिल्ली प्रवास दो दिन का माना जा रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फोटो को भी ट्वीट किया। उन्होंने लिखा कि योगी आदित्यनाथ जी से भेंट हुई। उन्हें उत्तर प्रदेश चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत की बधाई दी। बीते पांच वर्षों में उन्होंने जन-आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अथक परिश्रम किया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आने वाले वर्षों में वे राज्य को विकास की और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। उत्तर प्रदेश के कार्यवाहक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को दिल्ली पहुंचे।



उन्होंने सात, लोक कल्याण मार्ग जाकर प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी से मुलाकात की। नई दिल्ली में आज पहुंचने के बाद योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष से मुलाकात की। बीएल संतोष यूपी विधानसभा चुनाव के दौरान बेहद सक्रिय रहे और लगातार दौरा कर संगठन मजबूत करने का काम किया। योगी आदित्यनाथ और बीएल संतोष की इस मुलाकात के दौरान केन्द्रीय मंत्री सर्वानंद सोनवाल भी मौजूद थे। पीएम नरेन्द मोदी तथा भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ आज दिल्ली की बैठक में योगी आदित्यनाथ को प्रदेश में नई सरकार के शपथ ग्रहण की तारीख तय करने के साथ मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले मंत्रियों तथा डिप्टी सीएम के नाम तय होने हैं। इस मिशन के लिए भी सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में शनिवार को होमवर्क किया। होली बाद नई सरकार का शपथ ग्रहण : उत्तर प्रदेश मे नई सरकार का शपथ ग्रहण अब होली के बाद होगा। 2017 में योगी आदित्यनाथ ने 19 मार्च को सीएम के रूप में शपथ ली थी। नई सरकार के शपथ ग्रहण की तारीख के साथ संगठन में प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल के स्वरूप पर विमर्श शुरू हो गया है। मंथन किया जा रहा है कि 2022 के चुनाव परिणाम को देखते हुए 2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में किन क्षेत्र और सामाजिक वर्ग की घेराबंदी मजबूत करनी होगी। प्रदेश के हर कोने में भी जातीय-क्षेत्रीय समीकरण पर कौन से चेहरे सकारात्मक प्रभाव छोड़ सकते हैं। मंत्रिमंडल गठन को लेकर कोई भी निर्णय केंद्रीय नेतृत्व के साथ विचार-मंथन में सहमति-स्वीकृति के आधार पर ही लिया जाना है।

WWW.KNLSLIVE.COM

## समाजवादी पार्टी के सहयोगी दल के मुखिया ओम प्रकाश राजभर को पहले चरण के मतदान के बाद हो गया था बड़ी हार का आभास




योगी आदित्यनाथ सरकार में कैबिनेट मंत्री का पद छोड़ने के बाद सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के मुखिया ओम प्रकाश राजभर ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन किया। इस बार उनके दल को सात सीट मिली हैं, जबकि 2017 में उनके चार विधायक थे। ओम प्रकाश राजभर को विधानसभा चुनाव 2022 में दस फरवरी को पहले चरण के मतदान के बाद ही ओम प्रकाश राजभर को भारतीय जनता पार्टी की बड़ी जीत का अहसास हो गया था। मीडिया से उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान के बाद से ही उनको बड़ी हार का आभास हो गया था। वह जान चुके थे कि इस बार उनका गठबंधन जीत नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि हम पहले ही चरण में ही समझ गये थे कि बड़ी हार हो रही है। इस दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव से भी इसकी चर्चा नहीं की। जब उनसे पूछा गया कि जब आपको पता चल गया था तो फिर क्यों दूसरे, तीसरे तथा अन्य चरण में भी लगातार भाजपा पर बड़ा हमला बोलते रहे। उन्होंने कहा कि अरे भाई छह चरण का चुनाव तो बाकी था, अगर उसी समय बोल देते तो हालात और खराब हो जाते। इसी कारण काउंटिंग तक चुप रहे, हमको तो गिनती का इंतजार था।प्रदेश विधानसभा चुनाव में %चल संयासी मंदिर में% कहने वाले ओम प्रकाश राजभर अपना चुनाव तो जीत गए लेकिन भाजपा को उत्तर प्रदेश की सत्ता से उखाड़ फेंकने का दावा सच साबित नही हो सका। अब ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि हमको तो पहले चरण से पता चल गया था कि हम हार रहे हैं। हमें तो पहले ही चरण के बाद आभास हो गया था कि हम चुनाव हार रहे हैं लेकिन हम हार कैसे मान लेते। राजभर से पूछा गया कि जब आपको चुनाव हारने का आभास हो गया था तो आप चल संयासी मंदिर क्यों कहते रह गये। इस पर राजभर ने हंसते हुए कहा कि छह चरण के चुनाव बाकी थे इसलिए कह रहे थे। ओम प्रकाश राजभर के साथ गठबंधन का समाजवादी पार्टी को काफी लाभ मिला है। पूर्वांचल में पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया। सपा गठबंधन ने गाजीपुर की सभी सीट पर जीत दर्ज करने के साथ मऊ की चार में से तीन तथा बलिया की सात में से चार सीट

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

# सिंचाई नहर कॉलोनी पटना में पीआरडी जवानों का परेड



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अतुल कुमार द्वारा कराया गया जो चुनाव आचार संहिता खत्म होने के बाद तत्काल पीआरडी जवानों का परेड का संचालन पटना नहर कॉलोनी में कराया गया और उन्हें बताया गया कि परेड में आना जरूरी है जिससे गार्डों को विभागीय जानकारी होती रहती है और उन्हें वर्दी पहनने व जनता के साथ कैसा व्यवहार करने के तौर तरीके भी बताए जाते हैं इसलिए प्रत्येक माह में पीआरडी जवानों को परेड करना आवश्यक है जो पेरेड मे नहीं आएगा उसे ड्यूटी पर नहीं लगाया जाएगा यह जानकारी क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अतुल कुमार ने दिया इस मौके पर बाबूराम पाठक, बंशीधर यादव, बुधराम वर्मा, लाल बहादुर , पृथ्वी पाल सिंह, त्रिभुवन यादव, शिवकुमार पाठक व क्षेत्र के पीआरडी के जवान उपस्थित रहे।

# भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों का सम्मान समारोह एवं फाग उत्सव में भीड़ उमड़ी

हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद- फर्रुखाबाद ब्यूरो भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों एवं फाग उत्सव में रंगारंग कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी आवाज विकास पार्टी कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों एवं गठबंधन विधायिका का पार्टी के जिला अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं ने गर्म जोशी के साथ स्वागत किया एटा कासगंज की आर्केस्ट्रा पार्टी के कलाकारों के गीत व भजन सुनकर कार्यकर्ता जोश में भर गए भारतीय जनता पार्टी के सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने मंच पर गीत गुनगुनाया जीते सुनकर कार्यकर्ताओं में जोश भर गया सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी अमृतपुर से विधायक सुशील शाक्य भाजपा अपना दल गठबंधन से




विधायक डॉ सुरभि गंगवार का भाजपा कार्यकर्ताओं ने आवा स विकास में गर्मजोशी से तीनों विधायकों का माल्यार्पण एवं शाल ओढ़ाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता हिमांशु गुप्ता सतपाल सिंह पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कटि यार भूदेव राजपूत महिला जिला अध्यक्ष बबीता पाठक मीरा सिंह चित्रा अग्निहोत्री वरिष्ठ नेत्री मिथिलेश अग्रवाल सुमन राठौर वीरेंद्र सिंह राठौर केडी सिंह सत्यपाल सिंह विमल कटि यार मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी विश्वास गुप्ता राजकुमार सिंह राठौर आदि सैकड़ों की तादाद में कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित विधायकों का स्वागत किया

# पाइप लीकेज सड़कों पर बह रहा पानी जिम्मेदार मौन

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-इकौना ( श्रावस्ती ) नल-जल योजना की पाइप में मेन बेचू बाबा चौराहे पर लीकेज होने से करीब 1 वर्षों से पानी बह रहा है लेकिन जिम्मेदार मौन हैं कई बार वहां के निवासियों के द्वारा इसकी शिकायत भी की गई लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी रही राजकुमार पुत्र धर्म सिंह, रवि प्रताप पुत्र रामसमुझ, जगदीश प्रसाद पुत्र सुंदरलाल ,हिमांशु पटवा पुत्र पहलाद ने बताया कि नल जल योजना के टूटे पाइपों का लीकेज ठीक नहीं होने से यहां पानी व्यर्थ बहकर बर्बाद हो रहा है। मामले में नागरिकों ने

■ पानी की बर्बादी नहीं रुकने से सड़कें भी हो रही खराब आवागमन होता है बाधित

कई बार नगर पंचायत कार्यालय में लिखित शिकायत देने के बाद भी यह समस्या जस की तस बनी हुई है।

प्रति दिन सैकड़ो लीटर पीने का पानी मुख्य सड़क और नालियों में बह कर बर्बाद हो रहा है। पानी टंकी के आस-पास पानी सड़क पर बहने से सड़क के गड्ढों से वाहनों की दुर्घटना हो सकती है।

# होली महासमिति की अगुवाई को लेकर पीस कमेटी की बैठक

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-इकौना पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के निर्देशानुसार आगामी पर्व होली को लेकर थाना इकौना में उप जिला अधिकारी इकौना आर पी चौधरी तथा क्षेत्राधिकारी इकौना एमपी शर्मा के नेतृत्व में शांति कमेटी की बैठक संपन्न हुई जिसमें कन्हैयालाल कसौधन ने बताया कि विगत वर्षों से होली महासमिति की अध्यक्षता मेरे द्वारा की जा रही है सारी व्यवस्थाएं मैंने पूर्व में भी की है जिस पर पुरानी महासमिति के कार्यकर्ता

**www.knlslive.com**




रामप्रताप गुप्ता के द्वारा एतराज जताया गया उन्होंने कहा कि पूर्व में कोविड-19 के चलते त्योहारों का संचालन नहीं किया गया था जिस के संबंध में समिति के द्वारा एक लिखित सूचना थाना इकौना पर दी गई थी इसलिए पुरानी समिति के द्वारा होलिका दहन से लेकर संपूर्ण कार्यक्रम की अगुवाई की जाएगी इस पर दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक तू तू मैं मैं भी हुआ मामला नहीं निपटा जिस के संबंध में उप जिला अधिकारी इकौना आर पी चौधरी ने नगर पंचायत कार्यालय सभागार में समस्त सभासदों के साथ दोनों कमेटी के सभी पदाधिकारियों को बुलाकर मामला तय करने की बात की इसी क्रम में बरईपुर में होलिका दहन स्थल पर कब्जे को लेकर एक व्यक्ति ने शिकायत की जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए उपजिलाधिकारी इकौना ने हल्का लेखपाल को निर्देशित किया होलिका दहन के स्थल को खाली कराया जाए प्रभारी निरीक्षक इकौना संतोष कुमार तिवारी ने कहा क्योंकि होली शुक्रवार को पड़ती है इसलिए दिन के 12 बजे तक ही होली खेली जाएगी किसी को भी कचरा इत्यादि नहीं लगाया जाएगा ना ही दारू शराब इत्यादि का सेवन किया जाएगा यदि भारी संख्या में जुलूस में लोग उपस्थित होते हैं उसमें किसी प्रकार की घटना घटती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी होलिका दहन कमेटी के जिम्मेदारों की होगी इसी क्रम में थाना प्रभारी ने बताया की इकौना में थाने के रिकॉर्ड के मुताबिक 18 स्थानों पर होलिका दहन होता है जिस पर काफी भीड़ इकट्ठा होती है लोग जश्न मनाते हैं डीजे पर नाचते गाते हैं वही कन्हैयालाल कसौधन ने कहा कि 4 माह बाद नगर पंचायत का चुनाव होना है इसको लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष के द्वारा होलिका महासमिति को लेकर रार पैदा किया जा रहा है इस दौरान अकबरपुर, सेमगढा, भगवानपुर बनकट ,इकौना देहात सहित कई ग्राम के प्रधान तथा सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# जनपद में फिर गर्माया हिजाब प्रकरण, नोटिस इश्यू

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - जनपद में हिजाब प्रकरण एक बार फिर गर्माता जा रहा है। डा.बीआर अंबेडकर यूनिवर्सिटी के अलीगढ़ के कॉलेज में ड्रेस कोड सख?ती से लागू किया जा रहा है। हिजाब को लेकर एक दिन पहले एसवी कॉलेज में छात्राओं से हिजाब उतरवा लिए गए थे। इसको लेकर सोमवार को हंगामा होने की चर्चा छात्र संगठनों में हो रही है। एसवी डिग्री कॉलेज में ड्रेस कोड के नियम का कड़ाई से पालन कराने के लिए विद्यार्थियों के लिए नोटिस जारी किया गया है। इसमें मुंह ढककर आने पर प्रतिबंध लगाया गया है। प्राक्टोरियल टीम ने कॉलेज परिसर में राउंड लेते वक्त कई छात्राओं के




हिजाब उतरवाए भी। हिदायत दी कि कालेज परिसर में ड्रेस कोड में ही रहना है। सोमवार से मुख्य गेट पर कड़ाई से इस नियम का पालन कराने की बात प्राक्टोरियल बोर्ड की ओर से कही गई है।


दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

## पर्यावरण मित्र समिति की एक बैठक आज बंबूज़ वॉक रेस्टोरेंट, राम गंगा विहार में संपन्न हुई



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद- बैठक में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु कार्यक्रम किए जाने पर चर्चा हुई इस अवसर पर श्री अजय विश्नोई को पर्यावरण मित्र समिति,मुरादाबाद का जलिा अध्यक्ष चुना गया श्री अजय विश्नोई ने शीघ्र ही अन्य पदों पर सदस्यो को निर्वाचित किए जाने की बात है बैठक में आगामी गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के कार्यक्रम, विश्व पृथ्वी दिवस के कार्यक्रम, श्री लंका में किए जाने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की गई इस अवसर पर श्री सुशील कुमार शर्मा, श्री अजय विश्नोई, श्री सुनील शर्मा, डा आर एन बाजपई, डा मनीष महाजन, श्रीमती पिंकी महाजन आदि उपस्थित रहे बैठक का संचालन के के गुप्ता ने किया।

## मुरादाबाद में खुद को पत्रकार बताने वाला बना बलि का बकरा पुलिस ने कर दिया मुकदमा भेज दीया जेल

### राशन डीलर की शिकायत पर रंगदारी का मुकदमा दर्ज

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद- कटघर थाना क्षेत्र में तथाकथित पत्रकार द्वारा रंगदारी मांगने के आरोप में राशन डीलर ने लोगों की मदद से पत्रकार को दबोचा पुलिस को बुलाकर कराया गिरफ्तार आरोप है कि रविंद्र ठाकुर नाम का खुद को किसी संस्था का पत्रकार बताने वाला व्यक्ति अपने दो से तीन साथियों के साथ मिलकर कई दिनों से राशन डीलर की दुकान पर जाकर उसे धमका रहा था कई दिनों से लगातार राशन डीलर से 25000 हजार रुपए की मांग कर रहा था वही जब पैसे देने के लिए वह राशन डीलर के पास पहुंचा वही कटघर थाना क्षेत्र शिवपुरी निवासी राशन डीलर ने रविंद्र नाम के पत्रकार के पत्रकार को लोगों की



मदद से पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया दरअसल कटघर थाना क्षेत्र शिवपुरी में दीपक मल्होत्रा राशन डीलर की दुकान चलाते हैं वही राशन डीलर का आरोप है खुद को पत्रकार बताने वाले रविंद्र ठाकुर नाम का व्यक्ति उन्हें काफी दिन से परेशान कर रहा था और उन्हीं से 25 हजार रुपए की मांग कर दुकान बंद कराने की धमकी दे रहा था वही पैसे ना देने पर वह उसकी दुकान पर जा पहुंचा वही राशन डीलर ने उस पत्रकार को लोगों की मदद से दबोच लिया और उसे कटघर पुलिस के हवाले कर दीया वही थाना कटघर पुलिस ने राशन डीलर की शिकायत के आधार पर तथाकथित पत्रकार के खिलाफ 386 504 323 506 जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनको गिरफ्तार करके जेल भेज दिया वही इस घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहा है वही इस वीडियो में सुना भी जा सकता है कि खुद को पत्रकार बताने वाला व्यक्ति बार-बार वीडियो में कह रहा है कि मैंने कोई भी 25 हजार रुपए नहीं मांगे हैं

## मुरादाबाद निजी कार्यक्रम में पहुंची

### फिल्म अभिनेत्री पूनम ढिल्लो एवं भाग्यश्री




मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद- दरअसल आपको बता दें उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद के पाकबड़ा स्थित एक निजी होटल में इंडिया फैशन एंड ब्यूटी अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बॉलीवुड की मशहूर फिल्म अभिनेत्री मैंने प्यार किया हीरोइन भाग्यश्री पहुंची साथ ही कार्यक्रम में पहुंची पूनम ढिल्लों मचाया धूम कार्यक्रम में कई मॉडलों ने भाग लेकर किया फैशन शो वही दूर दूर से आए लोगों ने किए अवार्ड हासिल बॉलीवुड फिल्म अभिनेत्री पूनम ढिल्लो एवं भाग्यश्री पत्रकारों से हुए रूबरू

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

## रानी रागनी शुगर मिल उपाध्यक्ष वेंकटरमन के नेतृत्व में कृषक गोष्ठी का आयोजन

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद- त्रिवेणी शुगर मिल रानी नांगल के उपाध्यक्ष वेंकटरथनम के कुशल नेतृत्व में ग्राम डिलारी तथा सुल्तानपुर दोस्त में बसंत कालीन गन्ना कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता किसान तुंगल सिंह ने की । चीनी मिल के उपाध्यक्ष ने किसानों को संबोधित करते हुए साफ सुथरा स्वस्थ एवं ताजा गन्ना मिल कोआपूर्ति करने की अपील की संगोष्ठी के दौरान सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ विकास मलिक ने गन्ना बुवाई की नई तकनीकी 5 फीट की दूरी एवं ट्रेंच विधि द्वारा उन्नतशील गन्ना प्रजातियों की बुवाई करने के संबंध में किसानों को विस्तृत जानकारी दी तथा बुवाई से पहले खेत में ट्राइकोडरमा तथा गन्ने के बीज को दवाइयों में उपचारित करने के बाद ही बोने की अपील की गन्ना अधिकारी योगेश पांडे ने सिंगल वड अर्थात एक एक आंख का गन्ना काटकर बुवाई करने की अपील की तथा अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के किसान नेता प्रीतम सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए किसानों की समस्याओं के बारे में गन्ना अधिकारियों को अवगत कराते हुए कहा कि किसानों को उन्नत प्रजाति का गन्ना 15023 किसानों को ?750 प्रति कुंतल के स्थान पर?350 प्रति कुंटल उपलब्ध कराया जाए गन्ना केंद्रों का इंडेंट बढ़ाया जाए ताकि किसानों को समय से पर्ची उपलब्ध



हो सके तथा गन्ना सहकारी समिति मुरादाबाद का एक क्लर्क गन्ना विकास परिषद ठाकुरद्वारा पर तैनात किया जाए ताकि किसानों को छोटी-छोटी समस्याओं को लेकर मुरादाबाद के चक्कर ना काटने पड़े तथा क्षेत्र के किसानों को गन्ना बुवाई हेतु एक ट्रेंचर उपलब्ध कराया जाए इसी क्रम में महाप्रबंधक गन्ना टी एस यादव ने किसानों की समस्याओं का यथासंभव समाधान करवाने का आश्वासन दिया और आग्रह किया कि बसंत कालीन गन्ना बुवाई का उपयुक्त समय है चीनी मिल द्वारा बसंत कालीन गन्ना बुवाई पर दी जा रही सुविधाओं का भरपूर लाभ लेते हुए गन्ना प्रजाति को 0 238 के स्थान पर उन्नतशील गन्ना प्रजातियां जैसे 0118 तथा 15023 आदि की बुवाई करके अच्छी पैदावार ले सकते हैं और रेड रोट बीमारी से अपनी फसल को बचा सकते हैं तथा बताया कि 25 फरवरी से 4 मार्च तक का रुपए 20524.77 लाख रुपए कल दिनांक 14 मार्च को किसानों के खातों में भेज दिया जाएगा ेली के पर्व पर आर्थिक तंगी महसूस न कर सकेकार्यक्रम में किसानों के साथ-साथ जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ठाकुरद्वारा मोहम्मद हसमुल हसन , सहायक महाप्रबंधक गन्ना सुनील कुमार बालियान सुमित चौधरी रजविंदर सिंह नरेंद्र सिंह तथा गन्ना सुपरवाइजर हिमांशु चौहान अरुण यादव प्रशांत कुमार एवं किसान नरेश सिंह विवेक चौधरी देवराज सिंह प्रदीप कुमार अमित कुमार राजपाल सिंह सुरेंद्र सिंह पुलकित चौहान संजय कुमार अंशु चौहान बंटी सिंह भूपेंद्र सिंह देवेंद्र सिंह राकेश सिंह आदि मौजूद रहे

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश्र से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

संपादकीय Editorial

# Conflict of two perspectives

It has been almost a decade since the question of how the Internet worked was debated. So far Western countries have been able to maintain the decisive role of the private sector in this matter. But now they are facing a challenge once again. This has opened another front between America and Russia. It has been almost a decade that the debate on the question of whether governments should have the deciding authority in the operation of the Internet, the private sector driven by the profit motive. So far Western countries have been able to maintain the decisive role of the private sector in this matter. But now they are facing a challenge once again. This has opened another front between America and Russia. Both the countries have intensified their campaign to put their candidate for the post of head of the United Nations agency- International Telecommunication Union (ATU). Although voting for this election is still several months away, the mobilization has already started. It is being said that the election for the post of ITU chief has never caught the attention of the world like it is happening this time. The US is warning that if the Russian candidate wins, it will be a bad sign for the world. The US says that between today's era and the geopolitics of this era, it is extremely important that communication networks work with openness. In this case, the incidents in Ukraine are also being cited. That being said, if we can see what is happening in Ukraine, one of the reasons is the openness of communication. The United States has named Doreen Bogdam-Martin as its candidate for the post of ITU chief. He is up against Rashid Ismailov of Russia. US officials are engaged in a vigorous campaigning in favor of Bodgum-Martin. He is also regularly meeting representatives from Europe, Asia and Latin America. Clearly, there is a certain kind of conflict going on in the world about what role the ITU should play today. Significantly, China and Russia have argued that governments should have the right to set Internet standards and protocols. Decisions in the ITU are generally made by consensus. But controlling the Internet is an important question. Apart from this, now new camps are happening in the world. Russia and China have gathered on one axis. In such a situation, the control of ITU has become very important.

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# This man put his feet on Jasmine Bhasin's dress, a big accident would have happened in front of the camera!

A video of TV actress Jasmin Bhasin is going viral on the internet in which she is walking in a beautiful orange color dress. However, a huge mess was avoided in this video. In fact, when Jasmine was walking in this beautiful dress, only then a person set foot on the trail of this dress. Jasmine stopped there with a jolt in time. However, if Jasmine's speed was fast, she could have fallen or even the stitching of her dress could be uprooted. This video of Jasmin Bhasin is going viral - Many people have commented on this dress of Jasmin Bhasin. One user wrote, 'It would have been a mess.' Another user wrote, 'What a dress is this.'



Jasmin Bhasin, who was a part of the reality TV show Bigg Boss, has worked in TV shows like Tashan-e-Ishq and Dil Se Dil Tak. Let us tell you that Jasmine has been in the headlines for being in a relationship with TV actor Ali Goni. Jasmine has won the Woman of the Year Award“Although both of them have not revealed any secret about their marriage yet. Talking about Jasmin Bhasin being a part of this event, Jasmin Bhasin has received the 'Woman of the Year' award. Jasmine had arrived in a glamorous style to receive this award. During this time, the paparazzi took her pictures and during this time this video was also recorded in which there was a big mess with Jasmine.

# Deepika Padukone shares no filter selfie from Spain schedule of 'Pathan'

These days, actress Deepika Padukone left for Spain with actors Shah Rukh Khan and John Abraham for the shooting of her upcoming film. Now she has shared a picture of herself from there, in which she looks very beautiful. This picture has been shared by the actress Deepika Padukone on her official Instagram. The picture has been clicked by the actress against the bright sunlight. In this photo, the actress has kept her hair open, which is making her look even more beautiful. Sharing this no filter selfie on Instagram, he wrote, 'Focus.... no filter. This picture of the actress is being well-liked on social media. More than 2.5 lakh people have liked the photo so far (till the time of writing the news) and are giving their feedback by commenting. Recently, he announced the release date of the film by sharing the teaser of 'Pathan'. Shah Rukh Khan is going to be seen as a spy in this film, although no disclosure has been made by the filmmakers about the characters of the film. The film will be released in cinemas on January 25, 2023. Upcoming Films of Deepika Padukone- If we talk about Deepika Padukone's workfront, then actress will be seen in the film Pathan, directed by Siddharth Anand, opposite Shah Rukh Khan. In the film, Deepika will be seen doing many explosive action scenes with Shah Rukh Khan. At the same time, the actress is also going to be seen in the lead role in Nag Ashwin's film project, Baiju Bawra, The Intern.



आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# 40 मोतियाबिंद के मरीजों का आपरेशन



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम के अन्तर्गत वीरांगना अवंती वाई स्व शासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एटा में 40 मोतियाबिंद के मरीजों का आपरेशन के बाद विदाई करते हुए डा. सत्यम गुप्ता फैको सर्जन एवं डा.प्रियंका द्विवेदी एस आई सी एस विशेषज्ञ डा. शयाम पाल सिंह जूनियर रैजीडेंट एवं मुख्य नेत्र परीक्षण अधिकारी एंव प्रभारी नेत्र विभाग श्री सोहन लाल शर्मा तथा श्री भारत सिंह सफाई कर्मचारी मरीजों को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए

# सड़क हादसे दो की मौत

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- सड़क हादसों में दो बाइक सवारों की मौत हो गई और महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। हादसे बाइक सवारों के बस और कार की चपेट में आने से हुए। फिरोजाबाद जनपद के एका थाना क्षेत्र के गांव नगला सागर निवासी सतीश ने शनिवार को पोस्टमार्टम हाउस पर बताया कि उनका 22 वर्षीय भतीजा अमरजीत पंजाब में नौकरी करता था। नौ मार्च को अपने ताऊ सूरजपाल की मौत पर गांव आया था। 11 मार्च को बाइक से भाभी प्रीती को लेने फिरोजाबाद गया। वहां से शुक्रवार की शाम के समय लौट रहा था। अवागढ़ कस्बे के पास एटा की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक को चपेट में ले लिया। इससे अमरजीत की मौके पर मौत हो गई। वहीं प्रीती घायल हो गई। उसका इलाज आगरा के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। जैथरा थाना क्षेत्र के गांव नगला कंसी निवासी बबलू ने बताया थाना क्षेत्र के गांव बिछन निवासी 28 वर्षीय भांजा बृजनंदन गांव के ही राजकिशोर व ईश्वदयाल के साथ फर्रुखाबाद जनपद के गांव न्योली में त्रयोदशी संस्कार में शुक्रवार को बाइक से गए थे। देर शाम तीनों बाइक से वापस आ रहे थे। अलीगंज जैथरा मार्ग पर गड़सिया गांव के पास एटा की तरफ से जा रही तेज रफ्तार कार ने बाइक को चपेट में ले लिया। इससे बृजनंदन की मौके पर मौक हो गई। अन्य दो घायल हो गए। परिजन दोनों को निजी अस्पताल ले गए।

## मेडिकल कालेज में मिला युवक का शव

एटा- मेडिकल कॉलेज में शनिवार सुबह एक युवक का शव ईसीजी कक्ष के पास मिला। वह 28 फरवरी तक वार्ड में भर्ती रहा था। इससे वहां मरीजों-तीमारदारों में सनसनी फैल गई, वहां भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम ने वहां पहुंचकर सबूत जुटाए।

मेडिकल कॉलेज में मृत अवस्था में युवक को पड़ा देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी गई। इस पर सीओ सिटी कालू सिंह, कोतवाली प्रभारी डीएन मिश्रा मौके पर पहुंचे। कोतवाली नगर प्रभारी ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के पर्चे के आधार पर पते की तलाश की जा रही है।

## कर्मचारी बोले, वार्ड में भर्ती था मृत शख्स

कॉलेज के कर्मचारी ने अधिकारियों को बताया कि युवक कुछ दिन नई बिल्डिंग के वार्ड में भर्ती था। सीओ ने वहां पहुंचकर पता किया तो वहां तैनात नर्स ने बताया कि 28 फरवरी को उसे वार्ड से डिस्चार्ज किया गया है। इमरजेंसी में बताया गया कि वह 21 तारीख को पेट दर्द की समस्या को लेकर भर्ती हुआ था। उसने अपना नाम बृजनंदन निवासी अमरपुर थाना रिजोर बताया था।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# प्रचंड बहुमत से जीत के उपलक्ष में तिरंगा यात्रा निकाल कर जश्न मनाया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-एटा में आम आदमी पार्टी ने पंजाब में प्रचंड बहुमत से जीत के उपलक्ष में तिरंगा यात्रा निकाल कर जश्न मनाया। यह तिरंगा यात्रा कलेक्ट्रेट से प्रारंभ होकर कचहरी रोड, ठंडी सड़क ,मेहता पार्क , घंटाघर होती हुई हाथी गेट स्थित सुभाष मूर्ति तक गई वहां पहुंचकर जिला अध्यक्ष श्री सुरेश कुमार वर्मा ने सुभाष चंद्र बोस जी की मूर्ति का माल्यार्पण किया। इस तिरंगा यात्रा में आम आदमी पार्टी एटा के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों में अपार ऊर्जा तथा जोश देखने को मिला। पूरी तिरंगा यात्रा में देशभक्ति के गाने ,तराने और देशभक्ति से ओतप्रोत नारे लगाए जा रहे थे। पूरी तिरंगा यात्रा के दौरान एटा के आआम जनमानस में भी आम आदमी पार्टी को लेकर नई ऊर्जा का संचार हुआ और वे भी आम आदमी पार्टी के देश भक्ति के गानों पर थिरकने तथा देशभक्ति के नारे लगाने लगे। तिरंगा यात्रा में सुरेश कुमार वर्मा( जिला अध्यक्ष) महिपाल सिंह, अभय सिंह (जिला उपाध्यक्ष) रामदेव भारद्वाज, पातीराम (सदस्य जिला कार्यकारिणी )राकेश सिसोदिया (जलेसर विधानसभा अध्यक्ष) राजकुमार (अलीगंज विधानसभा अध्यक्ष) पुष्पेंद्र कुमार( एटा विधानसभा अध्यक्ष) जावेद खान (जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ) अंशुल कुमार (जिला अध्यक्ष सीवाईएसएस) हरिश्चंद (जिला अध्यक्ष सोशल मीडिया प्रकोष्ठ) प्रेमचंद (जिला अध्यक्ष शिक्षक प्रकोष्ठ) प्रेमपाल (जिला अध्यक्ष चिटफंड प्रकोष्ठ) बृजेश पांडे (जिला अध्यक्ष प्रबुद्ध प्रकोष्ठ) राहुल पाठक (प्रत्याशी अलीगंज विधानसभा) उमेश कांत (प्रत्याशी एटा सदर विधानसभा) राघव यादव (प्रदेश सचिव यूथ प्रकोष्ठ) रत्नेश कुमार बघेल( प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य युथ) डीके राजपूत (पूर्व जिला अध्यक्ष) राजकुमारी यादव (जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ) सहित हजारों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे

# एटा पुलिस के वैज्ञानिक विवेचना से अभियोग में गलत नामजदगी के आधार पर हत्या के अभियोग में फंसे निर्दोष व्यक्तियों के लिए एफ.एस.एल लखनऊ उ.प्र. बनी मिसाल

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- दिनांक 16.07.2021 को समय 23.32 पर मृतक पुनीत फौजी निवासी टिकाथर थाना जैथरा का शव ग्राम नगला बेदी व परौली के बीच सड़क के किनारे पड़ा मिला, बगल में स्कूटी भी पड़ी मिली। उक्त घटना के दो दिन बाद वादी रक्षपाल (मृतक के पिता) ने घटना का समय 21.30 बजे दर्शाते हुए थाना जैथरा पर अपने पुत्र की हत्या गांव के ही 1- जन्डैल सिंह पुत्र छेटेलाल 2- मुलायम सिंह पुत्र जिलेदार 3- सुनील पुत्र सरदार सिंह 4- गौतम पुत्र जन्डैल सिंह व तीन अज्ञात के विरुद्ध थाना जैथरा पर मुअसं- 327/21 धारा 396, 506, 120बी पंजीकृत किया गया। घटना में वैज्ञानिक विवेचना से संदेह करने वाले बिंदु- 1- दर्शाई गई घटना के समय मृतक की लोकेशन घटनास्थल पर न पाकर जनपद फर्रुखाबाद में पाई गई। 2- पुलिस की गश्त पार्टी जो स्वाभाविक क्रम में घटनास्थल के पास से रात्रि लगभग 11.00 बजे निकल रही थी तो मृतक के परिवारीजन (घटना के तथाकथित गवाह) पुलिस को मिले थे। 3- घटनास्थल पर मिलने के कारण उन्होंने अमृतपुर गांव थाना जसरथपुर में एक व्यक्ति के यहां उत्सव से भोजन करके वापस आने की बात बताई जो तस्दीक करने पर गलत पाई गई। 4- मृतक के आई चोटों में पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक ने रिपोर्ट में बयान में दुर्घटना की तरफ संकेत किया। 5- नामित अभियुक्तगण घटना के समय घटनास्थल पर मौजूद नहीं पाए, नामित अभियुक्तगण की गांव में राजनैतिक प्रतिद्वंदिता होना छानबीन से प्रकाश में आया 6- मृतक का घर आने का कार्यक्रम पूर्व निर्धारित नहीं पाया गया। 7- घटनास्थल के रोड की चौड़ाई 22 फीट पाई गई जिसमें दो, चार पहिया वाहन आमने-सामने गुजरने पर रोड पर मोटरसाइकिल चलाने का स्थान ना होना पाया गया तथा घटनास्थल के रोड को दुर्घटनाबाहुल्य क्षेत्र पाया गया तथा पिछले 2 वर्ष के दौरान घटनास्थल पर 54 दुर्घटनाओं का होना प्रकाश में आया। 8- पुलिस के बार-बार अनुरोध करने पर भी वादी द्वारा तहरीर में घटना के समय को लेकर टालमटोल किया गया।

वैज्ञानिक अभिमत में मुख्य बिंदु 1- नामित चार व्यक्ति व अन्य तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लोहे की रॉड से हमला करने पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के सिर व शरीर पर चोटों के तालमेल का अभाव पाया गया। 2- एफएसएल उत्तर प्रदेश की मेडिको लीगल टीम द्वारा घटनास्थल पर चोटों के विश्लेषण से मृतक फौजी की मृत्यु का कारण हत्या ना होकर किसी वाहन द्वारा दुर्घटना में चोटिल हो जाने से मृत्यु हो जाना पाया गया. इस प्रकार से स्थानीय पुलिस द्वारा की गई विवेचना में एफएसएल टीम द्वारा की गई वैज्ञानिक विश्लेषण एवं सर्विलांस सेल द्वारा किए गए विश्लेषण से उक्त घटना का हत्या ना होकर सड़क दुर्घटना पाया गया है अब दुकानों के नाम जिही राजनैतिक द्वेष के कारण अंकित होना पाया गया।

## अभिव्यक्ति जागरूकता कार्यक्रम के तहत पेण्ड्रा साप्ताहिक बाजार में जन जागरूकता हेतु कार्यक्रम का आयोजन



ग्यासुद्दीन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- जिले के पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा के नेतृत्व में महिला सेल प्रभारी, महिला सेल काउंसलर एवं समर्थ समिति के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन जिले में लगातार किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के तहत आज पेण्ड्रा के साप्ताहिक बाजार में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें टोनही प्रताड़ना अधिनियम, दहेज प्रतिषेध, बाल विवाह पीड़ित क्षतिपूर्ति एवं घरेलू हिंसा के बारे में आमजनों को जानकारी दी गई इसके अतिरिक्त गुड टच बैड टच के बारे में भी विस्तृत जानकारी महिला सेल प्रभारी के द्वारा प्रदान किया गया। साथ ही राज्य सरकार के द्वारा जारी अभिव्यक्ति एप के बारे में उपस्थित जनसमुदाय को विस्तृत जानकारी देकर सभी को अभिव्यक्त एप डाउनलोड करा कर उसके उपयोग के बारे में बताया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्री राकेश जालान, श्रीमती शोभा पाठक, श्रीमती पूजा पवार, श्रीमती अनिता ताम्रकार, श्रीमती जलेश सिंह, श्रीमती विद्या राठौर, सहाना खान, श्रीमती प्रतिभा जैन, श्रीमती प्रीति त्रिवेदी, श्रीमती रामेश्वरी धुर्वे, श्रीमती उषा माधवानी प्रधान आरक्षक सत्या बिसेन, महिला आर. रेशु गौतम, शकुन वती, आर. मोती लाल पैकरा उपस्थित रहे।

## सक्षम योजना से बकरी पालन बना आजीविका का माध्यम, जिला प्रशासन ने घर पहुंच दिया योजना का लाभ

रामचंद्र जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- ग्रामीण परिवेश में आजीविका संवर्धन के लिए मुख्यमंत्री के मंशा अनुसार जिला प्रशासन सूरजपुर निरंतर कार्य कर रहा है जनदर्शन एवं जन संवाद ग्रामीण विकास का एक सशक्त माध्यम बना है वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग की सक्षम योजना से जिले के कई घरों में नई रोशनी आई है वही महिलाएं योजना का लाभ प्राप्त कर आर्थिक रूप से सक्षम बन रही है। ऐसी महिलाएं जिन्होंने अपने पति के रूप में जीवन की आशा भी छोड़ दी थी, उनके लिए सक्षम योजना एक वरदान साबित हो रही है। ग्राम धरसेड़ी, बेहराडांड़, विकासखंड ओड़गी की किरण 28 वर्ष पति स्व. श्री दागेन्द्र बरगाह ने सक्षम योजना से लाभ पाकर न केवल अपने परिवार का भरण पोषण कर रही हैं बल्कि कई ऐसी महिलाओं को उदाहरण पेश कर रही हैं जो एकांकी जीवन बिताने को मजबूर हैं। किरण बताती हैं कि उनके परिवार में माता-पिता (सास-ससुर), जेठ-जेठानी, देवर-देवरानी एवं उनके बच्चे और किरण का बेटा रविन्द्र साथ में रहते है। रविन्द्र के.जी. 1 मे अंग्रेजी माध्यम स्कूल बेहराडांड़ मे पढ़ाई करता है। परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य है। बकरा व बकरी व्यवसाय से एवं खेती से घर खर्च चलता है। किरण के पति 28 मई 2021 को कुंआ खोदाई का काम कर रहे थे। उसी समय अचानक मिटटी गिरने से दबकर मृत्यु हो गई। उसके बाद जिला प्रशासन की टीम कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री राहुल देव, एसपी श्रीमती भावना गुप्ता, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी श्री चन्द्रबेश सिसोदिया, परियोजना अधिकारी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मुलाकात करने आए थे। उन्होंने मेरी समस्या को जाना और कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सक्षम योजना की जानकारी दी गई। जिसके पश्चात् आवेदन किया गया एवं तीसरे ही दिन स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए एक लाख का लोन प्राप्त हुआ जिसके पश्चात 30000 रुपये के 2 बकरा, 3 बकरी खरीदा, 3 मेमना भी है। 2 बकरा विक्रय करने हेतु तैयार है। जिनकी विक्रय राशि 15,000 निर्धारित है। घटना घटित होने के बाद बहुत चिन्ता थी की घर परिवार कैसे चलेगा बच्चे की पढ़ाई कैसे होगी परंतु जिला प्रशासन के सहयोग एवं सक्षम योजना के लाभ से बकरा एवं बकरीपालन का व्यवसाय ठीक है अच्छा चल रहा है। वर्तमान में किसी प्रकार की कोई समस्या नही है परिवार में सभी खुश हैं।

## गर्भवती महिला को डेढ लाख में बेचा पति पत्नी सहित

## 3 पर अपराध दर्ज 2 आरोपी गिरफ्तार

रामचंद्र जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिले के दुरस्थ चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में मानव तस्करी का खेल बदस्तूर जारी है इस खेल में बकायदे ऐसे सरकारी मुलाजिम भी शामिल है जो मैदानी स्तर पर तैनात है वे इसको भी धंधा बना डाला है और भोले भाले ग्रामीणों को सब्जबाग दिखा कर भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है ऐसा ही एक मामला सामने आया है जहां एक गर्भवती पंडो जनजाति की युवती को लाखों रुपये में बेचा गया. दरिंदों ने उसकी अस्मत लूटी. मामले का खुलासा होने पर पुलिस ने पति पत्नी समेत 3 लोगो पर अपराध दर्ज किया जिसमें पति पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. पुरा मामला बिहारपुर चांदनी क्षेत्र का है जहा 21 वर्षीय गर्भवती युवती को महुली निवासी श्यामा बाई ने दुनिया की ऐशो आराम दिलाने का सब्ज बाग दिखाया और अपने पति सागर सिह के सहयोग से उसे मध्यप्रदेश के राजगढ के गांव में प्रेमतवंर से डेढ लाख में बेच दिया. दो महीने के प्रताड़ना के दौरान पडित युवती वहां से भागकर रतन सिह के घर पहुंची और वहा से अपने घर पहुचकर अपने पति को घटना की




जानकारी बताने पर चांदनी पुलिस ने पति पत्नी समेत 3 लोगो पर धारा 370,376 के तहत अपराध दर्ज किया है जिसमें गुरु घासीदास राष्ट्रीय उधान परिक्षेत्र महुली के बीट गार्ड सागर सिंह, श्यामा बाई जासवाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है एक आरोपी अभी भी पुलिस के पकड़ से बाहर है.

### ये था पूरा मामला

बिहारपुर चांदनी क्षेत्र में 21 वर्षीय युवती पति के साथ जीवन जी रही थी, लेकिन उस पर श्यामा बाई जायसवाल की नजर थी, वह 16 नवम्बर 2021 को पिडित युवती के घर गई और उसे दुनिया भर के एशोआराम का सब्जबाग दिखाकर उसे अपने झासे में ले लेती है और वापस अपने घर आ जाती है. पिडित युवती का पति के साथ विवाद होने पर वह 20 नवम्बर को घर छोड़कर श्यामा बाई जायसवाल के पास पहुंच जाती है जहा पर फिर से सब्जबाग की रंगीन दुनिया दिखाया जाता है और उसे दुसरे दिन अपने पति सागर सिह के सहयोग से सूरजपुर रेलवे स्टेशन पहुचकर वहा से दोनो मध्यप्रदेश के राजगढ जिला थाना खिलचीपुर के मोल्डी गांव के रतन सिह के घर पहुंचे जहा पर 5 दिन रहने के बाद वही के रहने वाले वाले प्रेम तवंर को एक लाख 50 हजार में सौदा कर बेच दिया. पिडित को वहा ऐशो आराम की जिन्दगी मिलेगी बोलकर उसे प्रेम तवंर के साथ भेज कर अपने गांव महुली आ गई. पिडित दो महिने प्रेम तवंर के साथ रही वहा पर उसके साथ रेप प्रताडना दिन प्रति दिन होने से वह भाग कर रतन सिंह के घर पहुच गई जहा उसे पता चला की उसका सौदा कर उसे डेढ लाख में बेचा गया. इसके बाद उसने श्यामा बाई जायसवाल को फोन कर बुलाया और उसके साथ आई और सूरजपुर पहुचकर उसे छोड़ दिया.

### पति ने गुम इंशान का मामला दर्ज कराया था

पत्नी के आचानक गायब हो जाने पर पति कि शिकायत पर चांदनी पुलिस ने गुम इंशान का मामला दर्ज किया था. दो महि के बाद पिडित किसी तरह अपने घर पहुची और पुरा मामला अपने पति को बताने पर चांदनी थाने पहुचकर पुरे मामले की जानकारी देने पर चांदनी पुलिस ने 370,376 के तहत अपराध दर्ज कर महुली निवासी पति पत्नी सागर सिह-श्यामा बाई जायसवाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है तो वही एक अन्य आरोपी मध्यप्रदेश निवासी प्रेम तवंर पुलिस के गिरफ्त से बाहर है.

### कई अन्य को ले जाकर बेचा

पुलिस के पुछताछ में कई चौकाने वाले मामले सामने आये है आरोपी महिला श्यामा बाई जायसवाल का आना जाना मध्यप्रदेश के रहने वाले रतन सिंह के यहा था. हमेशा आना जाना लगा रहता था. पुलिस के मुत्रो के मुताबिक इसने कई अन्य महिलाओ को भी बेचा है फिलहाल आंतरिक जाच पड़ताल की जा रही है.

ऑफर

आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-

9027776991

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# होली पर घर घर जाकर नाच गाकर

## किन्नर समाज ने मनाई खुशी



मनोज कुमार पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायूँ- शहर में किन्नर समाज के लोगों ने घर घर जाकर दुकानों से लेकर खूब नाच गाना किया और लोगों ने खुशी होकर होली पर किन्नर समाज को मिठाई देकर खुशी का इजहार किया जिस पर हर साल की तरह किन्नर लोग अपने-अपने क्षेत्र में जाकर लोगों के घर जाते हैं और ढोलक के साथ नाच गाना करते हैं और साथ में परिवार के लोग भी नाचते हैं और रंग गुलाल के साथ खुशी मनाते हैं यह लोग गांव में एकत्र होकर लोगों के घर जाकर खुशी मनाते इसी मौके पर लोग इन्हीं लोगों को इनाम भी देते हैं और इनसे से दुआएं लेते हैं

WWW.KNLSLIVE.COM

# वेतन से अलग इनाम पाओ होली पर ज्यादा

## सरकारी रोडवेज बस चलाओ


मनोज कुमार पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायूँ- परिवहन निगम ने अपनी ओर से होली पर प्रोत्साहन योजना लागू कर दी है रोडवेज कर्मचारियों को 13 मार्च से 22 मार्च तक कार्य करने पर योजना का लाभ दिया जाएगा जो ड्यूटी के का समय और यात्रा की दूरी ज्यादा तय करेगा इसके अलावा वर्कशॉप कर्मचारियों को भी प्रोत्साहन योजना का लाभ दिया जाएगा और यह भी बता दें कि लगातार दिन ड्यूटी करने पर वर्कशॉप कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि का के रूप में 1200 रुपए और 9 दिन की ड्यूटी पर ?1000 दिया जाएगा चालकों परिचालकों को ज्यादा लाभ मिलेगा 13 मार्च से 22 मार्च तक ड्यूटी करने के साथ 3000 किलोमीटर बस चलाने पर प्रोत्साहन राशि के रूप में कर्मचारियों को ?4000 तो 9 दिन ड्यूटी करने पर 27 00 रुपए दिए जाएंगे अगर 3000 किलोमीटर से ज्यादा बस चलाने पर प्रति किलोमीटर 55 पैसे प्रोत्साहन राशि का भुगतान भी किया जाएगा ए आर एम श्री लक्ष्मण सिंह ने बताया की जो प्रोत्साहन राशि संबंधित सूचना नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने के साथ सभी कर्मचारियों को इस संबंध में सूचना भी कर दी गई है यह योजना रविवार से लागू कर दी जाएगी होली पर बदायूं डिपो ने पहले से अधिक बसों का संचालन किया जाएगा जोकि कुछ दिन पहले चुनाव ड्यूटी से चुनाव कराकर 55 बसें अभी लौट कर आए हैं जोकि बदायूं डिपो की निर्वाचन आयोग की तरफ से 58 वर्षों का चुनाव ड्यूटी के लिए अधिकार किया गया था जो कि इसमें से 37 बसेंअनुबंधित बसें शामिल थी चुनाव के समय भी अनुबंधित बसों से ही रोड ऊपर समस्या का समाधान किया गया था इसके बाद अब लंबे लंबे रूटों पर भी यात्रियों को कोई समस्या नहीं होने दी जाएगी जो की उम्मीद है की रोडवेज सरकारी बस रविवार शाम तक सभी बसें काम करने लगेंगे

# महिलाओं के मान-सम्मान से ही होती है हमारी सभ्यता एवं संस्कृति की पहचान- मुख्यमंत्री श्री बघेल

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- गौरेला पेंड्रा मरवाही 13 मार्च 2022/ मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आकाशवाणी से आज प्रसारित रेडियोवार्ता लोकवाणी की 27वीं कड़ी में छत्तीसगढ़ सरकार- नारी शक्ति के सरोकार' विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि महिलाओं के मान सम्मान से ही हमारी सभ्यता और संस्कृति की पहचान होती है। इसे हम सभी को गहराई से समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि नारी का सम्मान करने वाला समाज ही संस्कारी समाज होता है। छत्तीसगढ़ में महिलाओं को भरपूर सम्मान दिया जा रहा है। यही वजह है कि छत्तीसगढ़ की महिलाएं और बेटियां अब बड़े लक्ष्य लेकर निकल पड़ी है, जिसे आगे बढ़ने से अब कोई रोक नहीं सकता। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के गठन को हम एक ऐतिहासिक घटना मानते हैं। हमारे पुरखों के मन में अपने राज्य की एक मुकम्मल तस्वीर थी। सदियों से छत्तीसगढ़ एक लोक प्रदेश रहा है। यहां की परंपरा, पर्व-त्यौहार, संस्कृति के विभिन्न रंगों में, अपने संसाधनों के प्रति आदर भाव में, अपने स्वाभिमान और अस्मिता के स्वभाव में, जो अपनी जननी के प्रति आस्था और श्रद्धा रही है, वही आस्था अपनी धरती के प्रति भी रही है । हमने अपनी विरासत से जो सीखा है, वंदे मातरम के गान से हमने जो सीखा है, उसे अपने प्रदेश में उतारने की प्रबल इच्छा रही है। सौभाग्य से हमें यह अवसर मिला और सरकार बनने के बाद हमने जब इसके लिए उपयुक्त गीत की खोज की तो आचार्य डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा का छत्तीसगढ़ी में लिखा यह गीत विचार में आया। 'अरपा पइरी के धार महानदी हे अपार, इन्द्रावती ह पखारय तोर पईंया। महूं पांव परंव तोर भुइंया, जय हो-जय हो छत्तीसगढ़ मइया' इस गीत में हमें छत्तीसगढ़ महतारी की सम्पूर्ण छवि दिखती है। हम इसी मातृभाव के साथ छत्तीसगढ़ की सेवा करना चाहते हैं। इसलिए इस गीत को छत्तीसगढ़ का राज्य गीत बनाया गया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि हमारे पुरखों की वजह से हमें ऐसा संविधान मिला है, जिसमें महिलाओं को बराबरी का दर्जा दिया गया है। हमारे संस्कार और प्रयासों का ही नतीजा है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा में महिलाओं का प्रतिशत, देश की अन्य विधानसभाओं की तुलना में सबसे अधिक है। पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में भी महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। भूमि और संपत्ति पर कानून के अनुसार महिलाओं को समान स्वामित्व और नियंत्रण का अधिकार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने ऐसे कई नीतिगत इंतजाम किए हैं, जिसमें महिलाओं को अचल संपत्ति पर अधिकार मिले। अचल संपत्ति का पंजीयन महिलाओं के नाम पर कराए जाने पर स्टाम्प शुल्क में 1 प्रतिशत छूट देने का प्रावधान किया गया है, जिसके कारण एक वर्ष में 50 हजार से अधिक पंजीयन हुए और 37 करोड़ रुपए से अधिक की छूट उन्हें मिली। सरकारी पदों में भर्ती के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा महिलाओं को दी गई है। महिला छात्रावास तथा आश्रमों में महिला होम गार्ड के 2 हजार 200 नए पदों का सृजन किया गया है। प्रदेश के 370 थानों में महिला हेल्प डेस्क संचालित



किए जा रहे हैं। महिला हेल्पलाईन 181 का संचालन किया जा रहा है। प्रदेश के किसी भी कोने से इस टोल फ्री नंबर 181 पर फोन करके कोई भी महिला सहायता प्राप्त कर सकती है। मैं चाहूंगा कि हमारी बहनें इस 181 नंबर को याद रखें और कोई भी तकलीफ होने पर इसकी मदद लें। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि अब हम प्रत्येक जिले में महिला सुरक्षा प्रकोष्ठ का गठन करने जा रहे हैं ताकि हमारी माताओं, बहनों को पूर्ण सुरक्षा का वातावरण मिले। जिला खनिज न्यास निधि बोर्ड में ग्रामसभा सदस्य के रूप में 50 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। प्रत्येक जिले में महिलाओं के लिए अपना महाविद्यालय हो, इसके लिए हमने 9 जिलों में नए महिला महाविद्यालय शुरू किए हैं। हमारे प्रयासों से सरकारी महाविद्यालयों में बेटियों की संख्या बेटों से डेढ़ गुना हो गई है। छत्तीसगढ़ के इन अभूतपूर्व प्रयासों को नीति आयोग ने भी सराहा है और वर्ष 2020-21 की इंडिया-इंडेक्स रिपोर्ट में लैंगिक समानता के लिए छत्तीसगढ़ को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि महिलाओं की आर्थिक सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित संस्था छत्तीसगढ़ महिला कोष द्वारा स्व-सहायता समूहों को ऋण देने का प्रावधान है। इस संस्था के माध्यम से लगभग 39 हजार समूहों को 9 हजार 500 करोड़ रुपए से अधिक के ऋण दिए जा चुके हैं। इनमें से 6 हजार 489 महिला स्व-सहायता समूह किसी कारण से लगभग 13 करोड़ रुपए का ऋण नहीं पटा पाने के कारण डिफाल्टर की श्रेणी में आ गए थे और उनके आगे बढ़ने के रास्ते बंद हो गए थे। हमने ऐसे 6 हजार 489 समूहों को संकट से निकालने का फैसला किया और उनका ऋण माफ कर दिया। इसके साथ ही महिला स्व-सहायता समूहों को 3 प्रतिशत साधारण वार्षिक ब्याज दर पर ऋण दिया जाता है। हमने ऐसी व्यवस्था की है, जिससे समूहों को अब पहले की तुलना में दो से चार गुना तक ऋण मिल सके। सक्षम योजना में ब्याज दर 6.5 प्रतिशत थी, जिसे हमने घटाकर 3 प्रतिशत कर दिया है। वहीं ऋण लेने की पात्रता भी दोगुनी कर दी है। इस तरह महिलाओं को अपने व्यवसाय के लिए अधिक आर्थिक सहायता देने के इंतजाम हमने किए हैं। अन्य योजनाओं में भी महिलाओं को पुरुषों की तुलना में अधिक सुविधाएं दी जा रही हैं।बेटी होने पर कोई आर्थिक मदद नहीं की जाती थी। हमने इस कमी को पहचाना और समाधान के लिए 'कौशल्या मातृत्व योजना' बनाई, जिसमें दूसरी बेटी के जन्म पर भी 5 हजार रुपए की एकमुश्त आर्थिक सहायता का प्रावधान है। हाल ही में हमने निर्माण कार्यों में संलग्न पंजीकृत श्रमिक परिवारों के लिए भी एक विशेष योजना शुरू की है। इस 'मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण सहायता योजना' के तहत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण योजना में पंजीकृत हितग्राहियों की प्रथम दो पुत्रियों के बैंक खाते में 20-20 हजार रुपए की राशि का भुगतान एकमुश्त किया जाएगा। इस क्रम में मैं 'दाई-दीदी क्लीनिक योजना' का उल्लेख भी करना चाहूंगा। हमारे परिवार में महिलाएं सबका ख्याल रखती हैं। लेकिन अपने ही स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रख पातीं। इसलिए हमने चलित वाहनों में पूरे अस्पताल का सेटअप बनाकर, उन्हें बसाहटों और मोहल्लों में भेजने का इंतजाम किया है। सकते हैं। इस अभियान के कारण 1 लाख 70 हजार बच्चे कुपोषण से तथा 1 लाख से अधिक महिलाएं, एनीमिया से बाहर आई हैं और स्वस्थ जीवन जी रही हैं। गुजा, शैलेन्द्री वर्मा-दुर्ग, रिया सिदार-रायगढ़, सुशीला-सुकमा और रायगढ़ की पर्वतारोही याशी जैन, थाई बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक विजेता टेकेश्वरी साहू, दंतेवाड़ा की डेनेक्स कर्मचारी मनीषा देवांगन से चर्चा की। उन्होंने बातचीत के दौरान कहा कि 'नवा छत्तीसगढ़' हमारी बेटियों की सफलता की कहानियों से गढ़ा जाएगा। मैं वचन देता हूं कि हम आप लोगों के लिए नई सुविधाएं और अवसर जुटाने की दिशा में लगातार प्रयास करते रहेंगे। छत्तीसगढ़ की बेटियां अब बड़े लक्ष्य लेकर निकल पड़ी हैं। अब उन्हें आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता।शिक्षा से रोजगार तक, गांवों से शहरों तक, सरकारी नौकरी से लेकर स्वरोजगार तक, हर जगह हमने बेटियों की तरक्की के रास्ते खोल दिए हैं।

*अन्य खबरों के लिए देखे*
WWW.KNLSIVE.COM


# होली पर हुड़दंगियों से निपटने को प्रशासन तैयार



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - होली के मद्देनजर बरला एसओ ने सभी ग्राम प्रधानों व चौकीदारों के साथ शांति व्यवस्था बनाये रखने व अराजक तत्वों के बारे में पुलिस को सूचित करने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। अगर किसी गांव में कोई वाद विवाद है तो उसकी सूचना पुलिस को उपलब्ध करायें। अधिकतर गांवों से शिकायत मिल रही हैं कि रात के समय शरारती तत्व घरों में मटका आदि में कीचड़ भरकर घरों में गंदगी कर रहे हैं। होली पर परचून की दुकानों पर शराब बिक्री को लेकर सादा वर्दी में पुलिसकर्मियों को लगाया गया है। होली का त्योहार प्यार के साथ मनायें। अफवाहों पर कतई ध्यान न दें। फैलाने वालों के खिलाफ पुलिस सख्ती से निपटेगी।

# जिला मलखान सिंह चिकित्सालय के आंगन में पसरी गदंगी



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - चिराग तले सदैव अंधेरा होता है, जिला मलखान सिंह 'कित्सालय के आंगन में पसरी गदंगी बात साबित कर रही है। यहां जनरल वार्ड से लेकर ब्लड बैंक, इमरजेंसी, पैथोलाजी लैब, बर्न वार्ड व शव कक्ष के आसपास गंदगी व्याप्त है। मेडिकल वेस्ट का निस्तारण तक उचित नहीं। जबकि, मरीजों से सफाई की बातें की जाती हैं। अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ बनाना प्राथमिकता है, लेकिन कुछ माह पूर्व डीएम सेल्वा कुमारी जे. ने भी गंदगी पर अफसरों को फटकार लगाई थी। अफसोस, सुधार नहीं हुआ। शायद जल्द ही सुधार देखने को मिलेगा।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में
संपर्क करे- 9027776991

# रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत खनन माफियाओं के हौसले बुलंद

संवाद सूत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



रामपुर मथुरा सीतापुर- आपको बताते चलें कि जिला मुख्यालय से दूर करीब 85 किलोमीटर दूर रामपुर मथुरा जहां पर रामपुर मथुरा से करीब 3 किलोमीटर के आसपास में है घाघरा नदी है जिसका छड़ान है वही से लेकर के अन्य करीब 10 जगहों से हो रहा है अवैध बालू का खनन और रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारियों के नाक के नीचे से होकर गुजरती है रात भर रेत से भरी ट्रॉलियां और जिम्मेदार रहते हैं मौन वही भाजपा सरकार हर प्रकार के दावे योगी तथा मोदी सरकार के द्वारा किए जा रहे है वही खनन माफिया खनन करने मे कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं खनन माफिया अपनी मनमानी पर उतारू है वहीं पर रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कई खनन माफियाओं के द्वारा दर्जनो ट्रैक्टर ट्राली ले से चलाया जा रहा है अवैध बालू का खनन आपको बता दें कि किन किन जगहों पर होता है। 1 बालू का खनन जयरामपुर घाट 2 कल्लू बंगला गांव के निकट दक्षिण साइड जहां पर कई गरीबों के घर गिरने की कगार पर आ गए हैं फिर भी खनन माफियाओं ने खनन को खोदना बंद नहीं किया। 3 मानपुर गांव के निकट पूरब साइड होता है दिन-रात बालू का अवैध खनन। 4। दहला गांव के उत्तर साइड होता है बालू का अवैध खनन। 5। कनरखी से उत्तर साइड घाघरा नदी के किनारे होता है अवैध बालू का खनन। 6। सुकुल पुरवा टावर के निकट नदी के किनारे होता है अवैध बालू का खनन। 7। सोहारिया के निकट खरगी बंगला के पास होता है अवैध बालू का खनन पर अभी तक स्थानीय थाना रामपुर मथुरा से लेकर के जिले के आला अधिकारियों तक के कान में एक जू तक नहीं रेंगीती है और तो और रामपुर मथुरा थाने के अधिकारियों की नजरों के सामने से चलते रहते हैं बालू से लदे ट्रैक्टर ट्राली पर क्यों नहीं लेते संज्ञान इस चीज को लेकर मन में कई सारे सवाल खड़े हो रहे हैं और कई बार मीडिया कर्मियों के द्वारा इस बात को सुर्खियों में लाया गया है आखिरकार क्यों नहीं होती अवैध खनन माफियाओं पर कार्यवाही इस चीज को लेकर रामपुर मथुरा क्षेत्र में चर्चा का बाजार गर्म नजर आ रहा है

# लोकतंत्र के महापर्व में जुटे सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल की एक संयुक्त जिला बैठक का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर रेलवे रोड एटा पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता विश्व हिन्दू परिषद के विभागाध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान ने की। बैठक में मुख्य वक्ता के रुप में बजरंग दल के प्रांत संयोजक राकेश त्यागी जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांत संयोजक श्री त्यागी जी ने कहां की समाज में बजरंग दल कि काफी भूमिका है बजरंग दल के कार्यों को विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि बजरंग दल का कार्य है,गौ माता की रक्षा करना, लव जिहाद को रोकना, लैंड लव जिहाद को रोकना, माताओं व बहनों की सुरक्षा करना, मठ मंदिरों की सुरक्षा करना, कांवड़ यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करना, इत्यादि कार्य भी बजरंग दल के कार्यों मे ही आते है।बजरंग दल हिन्दुओ का बल है। अत: प्रत्येक बजरंगी का कार्य है कि वह अपने कार्यों का ईमानदारी से निर्वहन करें। बैठक को सम्बोधित करते हुए विश्व हिन्दू परिषद के विभागाध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान ने कहां कि लोकतंत्र के महापर्व में जुटे सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने तन मन धन से जुट कर भगवामय कर दिया। श्री चौहान ने कहां कि अब संगठन के विस्तार को लेकर सव लोग अपने कार्यों में जुटे तथा संगठन को आगे बढ़ाने का कार्य करें। जिससे संगठन और शक्तिशाली बने तथा आगामी रामोत्सव के कार्यक्रम की योजना बनाई गई। इसके साथ साथ सत्संग पर भी चर्चा की गई तथा ज्यादा से ज्यादा सत्संग शुरू किये जाते जिससे कि चरित्रवान एवं सक्रिय कार्यकर्ता संगठन के लिए प्राप्त हो और हिन्दुओ को संगठित करने का कार्य करें। बैठक में, प्रभात कुलश्रेष्ठ,मीनू गुप्ता,शिवांग गुप्ता, उज्जवल पुन्डीर, पंकज राठौर,सौरभ सोलंकी, सुनील चौहान, रितिक राठौर,विजय गुप्ता, अवनींद्र कुलश्रेष्ठ,पवन कुमार आदि उपस्थित थे।

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# ट्रैक्टर आटा चक्की फटी, दो घायल एक की मौत

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-मारहरा- थानाक्षेत्र के गांव गोकनी में ट्रैक्टर आटा चक्की के फट जाने से तीन लोग घायल हो गये। घायलों को एटा रैफर किया गया है। मारहरा थानाक्षेत्र के गांव गोकनी निवासी सुशील पुत्र मेवाराम शनिवार की सायं 6 बजे अपनी ट्रैक्टर आटा चक्की से गैंहू पीस रहा था। तभी अचानक चक्की फट गई। जिससे वहाँ गैहूं पिसवाने के लिये खड़ीं नारायनदेवी ( 42 वर्ष ) पत्नी देशराज, नीतू ( 16 वर्ष ) पुत्री देशराज और विमलेश ( 38 वर्ष ) पत्नी लक्ष्मणसिंह गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलों को स्वजन उपचार के लिये मारहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गये। जहाँ से उनकी हालत गम्भीर देखते हुए जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया। जहां मेडिकल कॉलेज एटा में विमलेश की मौत हो गई।